

तृतीय चंद्रघंटा

मां दुर्गा की तीसरी शक्ति हैं चंद्रघंटा। नवरात्र में तीसरे दिन इसी देवी की पूजा-आराधना की जाती है। देवी का यह स्वरूप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इसीलिए कहा जाता है कि हमें निरंतर उनके पवित्र विग्रह को ध्यान में रखकर साधना करना चाहिए। देवी चंद्रघंटा पूजा से शुक्र ग्रह का प्रभाव बढ़ता है।
बीज मंत्र-ऐं श्रीं शक्तयै नमः।
पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
एम. के. बन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोनः 9519456555, 9695416555

चैत्र नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं
सुशीला देवी
प्रधान

संजीव कुमार शुक्ला
प्रधान पुत्र
ग्राम पंचायत पटई वि.खं. सिधौली, शाहजहांपुर

शिव इन्टरप्राईजेज
फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# जिला बंदी से गिरे गेहूं के दाम, किसानों का मंडी में धरना

## भाकियू टिकैत गुट के पदाधिकारी बोले-प्रशासन की मनमानी के चलते नहीं मिल रहा गेहूं का सही दाम

संवाददाता, रोजा

**अमृत विचारः** जिला बंदी से गेहूं का दाम गिरने का आरोप लगाते हुए किसानों ने रोजा मंडी में सचिव कार्यालय के बाहर धरना दिया और नारेबाजी की। भाकियू टिकैत गुट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अजीत सिंह के नेतृत्व में धरना देकर किसानों ने मंडी प्रशासन के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की। भाकियू का कहना है कि जिला प्रशासन की मनमानी के कारण किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है। मंडी में किसानों का शोषण हो रहा है। उन्होंने कहा कि एक ओर सरकार कहती है कि किसान अपनी फसल कहीं भी बेच सकता है और दूसरी ओर जिला बंदी कर दी है। जिससे किसानों को भारी परेशानी हो रही है। गेहूं का दाम गिर गया है।

बुधवार को प्रदर्शनकारियों ने कहा कि मिल मालिक मंडी में गेहूं नहीं खरीद पा रहा है, जिसके कारण गेहूं के दामों में गिरावट जारी है। गेहूं खरीदने के लिए क्रय केंद्र प्रभारी जबरन खरीद कर रहे हैं और जब किसान धान लेकर क्रय केंद्रों पर आता है तो यह ही उनका धान नहीं खरीदते हैं।


रोजा मंडी में सचिव कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन करते भाकियू टिकैत गुट के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

● किसान बोले- धान न खरीदने वाले आज जबरन खरीद रहे गेहूं

धरना प्रदर्शन में जिलाध्यक्ष मंजीत सिंह, नीटू सिंह, अनिल सिंह, श्री कृष्ण, रमेश शर्मा, गेंदन लाल वर्मा, निरंकार सिंह, अमृत सिंह व नीलू शुक्ला आदि मौजूद थे।

## व्यापार चौपट होने का आरोप लगा हड़ताल पर चले गए थे व्यापारी

संवाददाता, रोजा

● मंडी सचिव व व्यापारियों के बीच बुधवार को हुई बैठक

**अमृत विचारः** क्रय केंद्र प्रभारियों की ओर से आढ़तियों का गेहूं खरीदने के मामले में आढ़ती व किसानों ने रोजा मंडी सचिव कार्यालय के बाहर मंगलवार को जमकर प्रदर्शन किया था। आरोप था कि क्रय केंद्र प्रभारियों की ओर से उनका गेहूं जबरन तौला जा रहा है। किसानों का तत्काल रजिस्ट्रेशन तो कर दिया जाता है, लेकिन सत्यापन के लिए अधिकारियों के यहां चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। वहीं खुले बाजार में गेहूं के दामों में गिरावट के चलते उनको फसल के दाम नहीं मिल पा रहे हैं।

व्यापारियों ने क्रय केंद्र प्रभारियों की ओर से जबरन गेहूं खरीद का आरोप लगाते हुए कहा था कि खुले बाजार में गेहूं के दामों में गिरावट के कारण उनका व्यापार चौपट हो रहा है। डीएम से मुलाकात न होने के कारण व्यापारियों ने मंगलवार शाम हड़ताल शुरू कर दी थी। जिससे प्रशासन में हड़कंप मच गया।

बुधवार की सुबह मंडी सचिव प्रवीण कुमार अवस्थी ने व्यापारियों को वार्ता के लिए बुलाया। मंडी सचिव व व्यापारियों के बीच वार्ता के बाद निर्णय लिया गया है कि किसानों का गेहूं यदि आढ़ती के यहां आता है तो क्रय केंद्र प्रभारी जबरन गेहूं खरीद नहीं करेगा। वार्ता के बाद व्यापारियों ने हड़ताल वापस लेकर गेहूं खरीद शुरू कर दी है। बुधवार को खुले बाजार में 2230 रुपये प्रति क्विंटल गेहूं का दाम होने से किसान परेशान हैं। उम्मीद की जा रही है कि जब फ्लोर मिल मालिक और ट्रेडर्स खुले बाजार में आएगा तो गेहूं के दामों में बढ़ोतरी हो सकती हैं।

### किसानों ने सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

रोजा। भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट ने मुख्यमंत्री को संबोधित मांग पत्र सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार को सौंप कर डीएम की ओर से लगाई गई जिला बंदी तुरंत हटाए जाने की मांग की। किसानों ने कहा कि इससे वह अपनी फसल दूसरे जिले में जाकर बेंच सकेंगे। अगर प्राइवेट कंपनियां ऊंचे दाम पर गेहूं खरीदती हैं तो उन पर रोक न लगाई जाए, जिन किसानों से धान खरीदा गया है, उनसे गेहूं भी खरीदा जाये।

### वार्ता के बाद समाप्त हुई हड़ताल

रोजा आढ़ती व्यापार मंडल के अध्यक्ष उमाशंकर गुप्ता ने बताया कि बुधवार की सुबह मंडी सचिव व व्यापारियों की वार्ता हुई। मंडी प्रशासन व्यापारी की बातों से सहमत हो गया है। किसान स्वेच्छा से अपना गेहूं कहीं भी बेच सकता है। आढ़तों से जबरन तौल नहीं होगी और व्यापारी मंडी प्रशासन का पूरा सहयोग करेंगे। दोनों के बीच हुई वार्ता के बाद हड़ताल को वापस ले लिया है। बुधवार की सुबह से आढ़तों पर गेहूं खरीद शुरू हो गई है।

## दुकानदार को पीटकर किया घायल

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** कटरा थाना क्षेत्र के गांव फीलनगर निवासी सुहेल अहमद ने बताया कि उसकी परचूनी की दुकान है। सोमवार की शाम पांच बजे वह दुकान पर बैठा हुआ था। गांव का फहीम आया और गंदे हाथ सामान में डाल दिए। उन्होंने आरोपी से कहा कि गंदे हाथ क्यों डाल दिए। इस बात को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि फहीम, कल्लू, हसीन ने दुकानदार सुहेल को पीटकर घायल कर दिया। आरोपी धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## रंजिशन व्यक्ति को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** निगोही थाना क्षेत्र के गांव टिकरी निवासी विनीत कुमार ने बताया कि सोमवार की रात पौने नौ बजे गांव के छेदा उसके दरवाजे पर आए और उसके पिता राजेंद्र को गाली देने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उसके पिता को पीटकर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। घटना का कारण पुरानी रंजिश है। छेदा, मुकेश, बिजेंद्र, बबलू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# तहसीलदार ने चार ट्रक और दो ट्रैक्टर ट्रॉली गेहूं पकड़ा, अधिकारियों ने की जांच

तिलहर, संवाददाता

**अमृत विचारः** मंडी से अवैध रूप से गेहूं दूसरे जिले को ले जाने की सूचना पर एसडीएम अंजलि गंगवार के निर्देश पर तहसीलदार जयप्रकाश यादव ने मंगलवार की रात छापा मारकर गेहूं से भरे चार ट्रक व दो ट्रैक्टर ट्रालियों को पकड़ लिया। डिप्टी आरएमओ व मंडी सभापति ने पहुंच कर जांच पड़ताल की। मुरादाबाद के लिए गेट पास कटे होने पर एसडीएम ने मंडी गेट पर पुलिस बल तैनात कर दिया।

मंडी अधिकारियों की मिली भगत से बीते कुछ दिनों से अंधेरे में अवैध रूप से गेहूं से भरे ट्रक निकाले जा रहे थे। इससे प्रतिदिन सरकार को लाखों की राजस्व की हानि हो रही थी। मंगलवार की रात अवैध रूप से दूसरे जिले लखीमपुर खीरी व मुरादाबाद के लिए गेहूं मंडी से निकलने की सूचना पर एसडीएम के निर्देश पर तहसीलदार जयप्रकाश यादव पुलिस व राजस्व टीम के साथ मंडी पहुंचे। रात लगभग 2 बजे मंडी गेट के पास गेहूं से भरे 4 ट्रक व 2 ट्रैक्टर ट्राली तहसीलदार ने पकड़ लिए, जिनके पास से पर्याप्त कागज गेहूं ले जाने के नहीं मिले। इनमें से एक गेहूं से भरे ट्रक का गेट पास मुरादाबाद के लिए कटा होना पाया गया। इस पर अधिकारियों को और शक हुआ। तहसीलदार ने मंडी का गेट बंद कर सभी गाड़ियों को कब्जे में ले लिया और रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज दी। बुधवार की सुबह मंडी समिति पहुंचे एसडीएम व सभापति दुर्गेश यादव ने बताया कि पकड़े गए गेहूं के ट्रक सांई बाबा ट्रेडिंग कंपनी, मां शारदे, सनी ट्रेडर्स, गुप्ता ट्रेडिंग के हैं और ट्रैक्टर ट्राली हरिशंकर गुप्ता व राजेश कुमार, सर्वेश कुमार की है। इन वाहनों में 1874 क्विंटल गेहूं 3138 बोरियों में है।

वाहनों को मंडी समिति ने कब्जे में ले लिया है और रिपोर्ट बनाकर एडीएम को भेजी जा रही है। उनके ही निर्देश पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिले से बाहर गेहूं नहीं जा सकता है, लेकिन मंडी से मुरादाबाद के लिए गेट पास काटा है। इसमें मंडी के मंडी निरीक्षक पंकज मिश्रा की भूमिका संदिग्ध प्रतीत हो रही है, जिसकी रिपोर्ट बनाकर अधिकारियों को भेजी जा रही है।

### एसडीएम ने मंडी गेट बंद कराकर तैनात की पुलिस फोर्स

मंडी से अवैध रूप से गेहूं निकालने की शिकायत तो पहले कई बार मिली थी लेकिन मंगलवार की रात अधिकारियों ने भारी मात्रा में अवैध रूप से गेहूं निकालने का मामला पकड़ा। इसके बाद एसडीएम अंजलि गंगवार ने मंडी से गाड़ियां निकलने पर पाबंदी लगा दी और मंडी का गेट बंद कराकर गेट पर पुलिस बल तैनात कर दिया।

● अवैध रूप से जिले से बाहर ले जाने की आशंका

# दो भाइयों समेत तीन को तीन-तीन वर्ष की कैद

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● वर्ष 1994 में जलालाबाद के बढ़ाई गांव में हुई थी अंधाधुंध फायरिंग

● अभियुक्तों ने पुरानी रंजिश में रात में छत पर चढ़कर किया था हमला

**अमृत विचारः** वर्ष 1994 में जलालाबाद के गांव बढ़ाई में घर की छत पर पहुंचकर जान लेने की नीयत से की गई फायरिंग मामले में दोष सिद्ध होने पर कोर्ट ने दो भाइयों समेत तीन लोगों को तीन-तीन वर्ष की सजा और 93 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। मामले में चार आरोपियों की मुकदमा विचारण के दौरान मृत्यु हो गई। फायरिंग के दौरान चार लोग घायल हो गए थे।

थाना जलालाबाद के गांव बढ़ाई निवासी पुत्तू सिंह ने 28 फरवरी 1994 को जलालाबाद थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह और उसका चचेरा भाई अमर सिंह छत के एक कमरे में सो रहा था। दूसरे कमरे में उसका बेटा नरसिंह व बाबूजी सो रहे थे। 27 फरवरी 1994 की रात करीब 12 बजे गांव के विश्राम, भोगपाल पुत्रगण रामनाथ, परसराम पुत्रगण रामलाल, श्रीराम, कलक्टर जो आजकल शाहजहांपुर घंटाघर के पास रह रहे हैं व थाना परौर के गांव समैचीपुर निवासी झंकार, कल्लू, रामभरोसे व थाना कलान के गांव नगला छेदा निवासी रतिराम यादव नाजायज असलहों से लैस होकर छत पर चढ़ आए और जान से मारने की नीयत से ताबड़तोड़ फायर करनी शुरू कर दी। शोर मचाने पर गांव के तमाम लोग आ गए, जिन्हें देख कर हमला भाग गए। फायरिंग में बाबूजी और कल्लू के बेटे राजेंद्र व राजेश्वर को चोटें आईं। छिपते-छिपाते वह थाने पहुंचा और मामले की तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या का प्रयास आदि धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली। विवेचना के बाद पुलिस ने रतिराम, रामभरोसे, विश्राम, भोगपाल, झंकार, कल्लू व कलक्टर के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय भेज दिए। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सप्तम कोर्ट में मुकदमे की सुनवाई के दौरान गवाहों के बयान और शासकीय अधिवक्ता श्रीपाल वर्मा के तर्कों को सुनने और पत्रावली का अवलोकन कर दोष सिद्ध होने पर न्यायाधीश पंकज कुमार श्रीवास्तव ने विश्राम, भोगपाल, झंकार तीन-तीन वर्ष की सजा सुनाई और कुल 93 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। वहीं कलक्टर और रामभरोसे की आरोप विरचित होने से पूर्व और रतिराम व कल्लू की आरोप विरचित होने के उपरांत मृत्यु हो गई।



# संदिग्ध हालात में विवाहिता की मौत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● भाई बोला, बहन को जहर देकर मार डाला, दहेज के लिए करते थे प्रताड़ित

● पति बोला- पारिवारिक कलह में खा लिया जहर, अस्पताल ले गए, नहीं बची जान

**अमृत विचारः** निजामपुर गौटिया में विवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मृतका के भाई ने आरोप लगाया कि दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर बहन की जहर देकर हत्या की गई है। जबकि पति का कहना है कि पत्नी ने पारिवारिक कलह में जहर खा लिया। अस्पताल ले गए पर जान नहीं बच पाई।


मृतका अनीशा।

सदर बाजार थाना क्षेत्र के गांव निजामपुर गौटिया निवासी कमल कुमार की शादी सात मई 2023 को अनीशा देवी (22) निवासी चपरा थाना अमृतपुर जिला फर्रुखाबाद के साथ हुई थी।

कमल कुमार ने बताया कि सोमवार की शाम पांच बजे पारिवारिक कलह के चलते उसकी पत्नी ने जहर खा लिया था। तबीयत खराब होने पर उसे एक निजी अस्पताल में ले गए। मंगलवार की शाम पांच बजे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। ससुराल वाले शव को लेकर घर आ गए।

इधर सूचना मिलने पर मृतका का भाई सुरजीत कुमार परिवार वालों के साथ बहन की ससुराल पहुंचा और शव जमीन पर पड़ा मिला। उन्होंने थाना सदर बाजार पर सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक रवीन्द्र सिंह गांव में पहुंचे और मृतका के भाई से जानकारी की। मृतका के भाई सुरजीत ने आरोप लगाते हुए बताया कि ससुराल वाले बाइक, सीडी, फ्रिज की मांग को लेकर प्रताड़ित किया करते थे। चार दिन पूर्व उसने अपने भाई को फोन करके कहा था कि यहां से ले जाओ और ससुराल वाले परेशान कर रहे है। उन्होंने आरोप लगाया कि ससुराल वालों ने उसकी बहन को जहर देकर मार डाला है।

> मृतका के मायके वालों की तरफ से कोई तहरीर नहीं आई है, तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है। मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट से स्पष्ट होगा।
>
> – रवींद्र सिंह, प्रभारी निरीक्षक सदर बाजार कोतवाली

## आग से झुलसी महिला की मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के गांव गुवारी निवासी मैना देवी (30) पत्नी अरविंद कुमार एक माह पूर्व गैस चूल्हे पर खाना बना रही थी।

अचानक उसके कपड़ों में आग लग जाने से वह झुलस गई थी। उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। परिवार वाले एक सप्ताह पूर्व अस्पताल से छुट्टी कराके घर ले गए थे।

सोमवार की शाम महिला की तबीयत अधिक खराब होने पर दोबारा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया था। इलाज के दौरान मंगलवार की रात उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के तीन बच्चे है। परिवार में रोना पीटना मच गया।

## एसपी के आदेश पर चार पर रिपोर्ट

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** कस्बा सिंधौली निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि उसके गांव का सुमित उसकी पुत्री को अश्लील इशारे कर परेशान करता है। उसने अपनी पुत्री की शादी रामवीर के साथ तय की थी।

आरोपी सुमित ने अपने मोबाइल से रामवीर को इंस्टाग्राम पर जोड़ रखा है। आरोप है कि सुमित रामवीर के मोबाइल पर उसकी पुत्री के गलत मैसेज डालता है, जिससे शादी टूट जाए। उन्होंने आरोपी के परिवार वालों से तीन अप्रैल को शिकायत की थी।

आरोपी के परिवार वालों ने उसे जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया। उन्होंने थाने पर शिकायत की तो पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि एसपी के आदेश पर आरोपी सुमित वर्मा, नन्हकू, निमित, पिंकू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# मध्य प्रदेश में खुटार के युवक की आग से मौत

संवाददाता, खुटार

● गेहूं कटाई करते समय कंबाइन में शॉर्ट सर्किट से लगी आग सूचना पहुंची तो मचा कोहराम

**अमृत विचारः** मध्य प्रदेश में खुटार के गांव कैहमरिया के रहने वाले युवक की मौत हो गई। खेत में गेहूं की फसल की कटाई करते समय कंबाइन में शॉर्ट सर्किट होने से यहां हादसा हुआ। साथ में गए लोगों ने सूचना घर दी तो कोहराम मच गया। बुधवार देर शाम परिजन मध्य प्रदेश के लिए रवाना हो गए हैं।

खुटार के गांव कैहमरिया निवासी असरुल्ला का पुत्र इनायत रसूल (24) कंबाइन पर फोरमैन है। इस समय उसका पुत्र मध्य प्रदेश के दतिया के कस्बा गोदन के गांव बाघपुर में गेहूं फसल की कटाई करने गया था। बुधवार सुबह खेत में गेहूं की फसल काट रहे था, तभी अचानक कंबाइन में शॉर्ट सर्किट हो गया और आग लग गई। आग की चपेट में आने से इनायत रसूल झुलस गया और उसकी मौत हो गई। यह हादसा देख आसपड़ोस में मौजूद लोगों की भीड़ जुट गई। इस घटना की सूचना उसके परिजनों को दी गई तो कोहराम मच गया। बुधवार शाम को परिजन मध्य प्रदेश के लिए रवाना हो गए। लेकिन देर रात तक परिजन शव लेकर लौटे नहीं थे। इनायत रसूल की पत्नी शहनाज, पुत्री साबिया (11), मां मैनाज, पिता असरुल्ला, बहन फरेनाज, भाई अमानत रसूल का रो रोकर बुरा हाल है। उधर, इनायत रसूल के पिता जनपद पीलीभीत के कस्बा गजरौला के मस्जिद में मौलाना है। बेटे की मौत की खबर उन तक पहुंची तो होश उड़ गए। आनन फानन में घर पहुंचे और मध्यप्रदेश को चले गए।

## तमंचा समेत दो पकड़े, चालान किया

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** रोजा थाना के वरिष्ठ उप निरीक्षक जुगुल किशोर पाल को बुधवार की सुबह नौ बजे सूचना मिली कि मोहम्मदी रोड पर एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में खड़ा है। पुलिस ने युवक को पकड़ लिया और जामा तलाशी ली तो तमंचा व कारतूस बरामद किया है। पकड़ा गया अभियुक्त नीरज शर्मा निवासी काशीराम कॉलोनी चौक कोतवाली है। पुलिस ने अभियुक्त का चालान कर दिया। इधर अल्हागंज एसओ ओमप्रकाश ने बताया कि अभियुक्त राजेश सिंह निवासी धर्मपुर पिडरिया थाना अल्हागंज को स्टेट हाईवे से बुधवार की सुबह दस बजे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से एक तमंचा व कारतूस बरामद किया है। अभियुक्त के खिलाफ पहले से आधा दर्जन मुकदमे विभिन्न धाराओं के दर्ज है।

PM
SINCE 1988
Perfect Marble
Extn.
Wall & Floor Tiles • Sanitaryware
Wholesale & Retail

Nikhil Goyal
weber SAINT-GOBAIN
hindware italian collection
ITALAKE ABOVE YOUR IMAGINATION
REY
सौ फुटा तिराहा, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
9258361138, 9997128529

## एक नजर

### एमएससी कृषि में अंकिता को मिला प्रथम स्थान



**मिर्जापुर।** मिर्जापुर स्थित धर्मजीत सिंह पीजी कॉलेज में एमएससी कृषि द्वितीय सेमेस्टर हार्टीकल्चर में कॉलेज की छात्रा अंकिता चौधरी ने 82.70 प्रतिशत के साथ प्रथम, वैभव सिंह ने 80.80 प्रतिशत के साथ द्वितीय तथा राघवेंद्र प्रताप सिंह ने 78.80 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। कॉलेज के डायरेक्टर नीलेश यादव ने टॉपर्स को सम्मानित कर उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### अर्द्धसैनिक बल ने निकाला फ्लैग मार्च

**मदनापुर।** पुलिस ने त्योहार व लोकसभा चुनाव को लेकर अर्द्धसैनिक बल और पीएसी के साथ शांति व्यवस्था के लिए बुधवार को सुबह दस बजे प्रमुख मार्गों, चौराहो, बाजार में फ्लैग मार्च किया। इस दौरान संदिग्ध वाहन और संदिग्ध लोगों की तलाशी ली। फ्लैग मार्च के दौरान आमजन से संवाद कर शांतिपूर्ण त्योहारों व निष्पक्ष चुनाव के प्रति आश्वस्त किया गया।

### सांप के डसने से हुई थी किशन की मौत

**पुवायां।** मुड़िया कुर्मियात गांव निवासी प्रमोद ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि 8 अप्रैल को उसका बेटा किशन घर के बरामदे में खेल रहा था। तभी उसे किसी कीड़े ने काट लिया। इलाज के लिए गांव के ही एक डॉक्टर के पास ले गए। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत का कारण जानने के लिए शव का पोस्टमार्टम कराया था। कोतवाल प्रदीप राय ने बताया कि पीएम से पता चला है कि किशन की मौत सांप के डसने से हुई थी।

### 21 से शुरू होगा पांडव कालीन ऐतिहासिक चिलौआ मेला

**अल्हागंज।** ग्राम चिलौआ में सैकड़ों वर्ष पुराना पांडव कालीन मेला हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी लगेगा। जिसका आयोजन 21 से 24 अप्रैल तक चार दिन तक होगा। जिसमें हजारों की संख्या में भक्त कई जिले व राज्यों से आकार माता काली देवी को प्रसाद व ओढ़नी चढ़ाकर दर्शन करेंगे। यहां श्रद्धालु मनौती पूर्ण होने पर मुंडन और अन्नप्रासन करवाने आते हैं। मेले में पहलवानों का दंगल आकर्षण का केंद्र होता है। दुकानों, इमारती लकड़ी, अलमारी, बॉक्स, दरी-कालीन की बिक्री खूब होती हैं। मेले की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने में पुलिस प्रशासन तैनात रहता है। मेले के आयोजन में ग्रामवासी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। उसी के उपलक्ष्य में मेला कमेटी के अध्यक्ष प्रवेश कुमार मिश्रा ने उपजिलाधिकारी जलालाबाद के यहां लिखित सूचना दी।

# रिश्तेदार को फंसाने के लिए चालक ने हाईवे पर मैजिक में लगा दी आग

## मैजिक समेत सारा सामान जला, पुलिस व दमकल टीम ने बुझाईआग

संवाददाता, खुटार


● सच्चाई सामने आने पर पुलिस ने 151 में किया चालान

**अमृत विचार:** जमीन के विवाद में रिश्तेदार को फंसाने के चक्कर में चालक ने मैजिक में खुद आग लगा दी और आरोप रिश्तेदार पर लगा दिया। आग से मैजिक और उसमें रखा सामान जल गया। घटनास्थल पर पुलिस और दमकल टीम पहुंची और आग को बुझाया। पूछताछ में पूरी हकीकत सामने आई तो पुलिस ने चालक का शांतिभंग में चालान कर दिया है।

जनपद सीतापुर के कस्बा सिंधौली के गांव बेनीपुर निवासी दिनेश मिश्रा की पत्नी सुमन मिश्रा ने थाना पुलिस को बताया कि बुधवार सुबह करीब आठ बजे वह खुटार के गांव मलिका निवासी अपने दामाद अमित कुमार उर्फ गोल्डन के साथ मैजिक से कस्बा पुवायां जा रही थी। मैजिक में कपड़े, बर्तन आदि सामान रखा था। खुटार पुवायां रोड पर गुटैया पुल के पास अमित ने उसे उतार दिया और पेट्रोल डालकर माचिस से मैजिक में आग लगा दी। जिससे सामान सहित मैजिक जल गया। यह देख घटनास्थल पर भीड़ जुट गई। पुलिस और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची। फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। पुलिस ने अमित को पकड़ लिया और थाने लाकर उससे आग लगने का कारण पूछा तो उसने सच उगल दिया। इसके बाद पुलिस ने सुमन की तहरीर पर दामाद अमित कुमार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली। जानकारी के अनुसार सास का सामन जलने पर उसने दामाद के खिलाफ तहरीर दी है।



धूं-धूंकर जलती मैजिक। ● अमृत विचार



घटना स्थल पर मैजिक चालक से पूछताछ करती पुलिस। ● अमृत विचार

### रिश्तेदार से कराया था घर का एग्रीमेंट

गांव मलिका निवासी अमित इससे पहले नगर के मोहल्ला पटवा वार्ड में रहता था। उसने कुछ माह पहले मोहल्ला बगियानाथ निवासी दूर के रिश्तेदार से घर का एग्रिमेंट कराया था। इसमें उसने रिश्तेदार को डेढ़ लाख रुपये दिए थे। इसके बाद अमित ने सास सुमन देवी, ससुर मंशाराम को ससुराल से लाकर एग्रीमेंट वाले मकान में रख दिया था। अमित का आरोप है कि रिश्तेदार ने उसके सास, ससुर को घर से निकाल दिया था। बुधवार सुबह करीब आठ बजे वह अपने सास, ससुर को मैजिक से पुवायां लेकर जा रहा था। उसी समय खुटार-पुवायां रोड पर लक्ष्मीपुर मोड़ के पास रिश्तेदार ने मैजिक में आग लगा दी। जिससे मैजिक जलकर राख हो गई।

> टाटा मैजिक में आग लगने के मामले में जब चालक और उसकी सास से जानकारी की गई तो पता चला कि चालक ने रिश्तेदार को फंसाने के लिए खुद मैजिक में आग लगा दी थी। सास ने पुलिस को सच्चाई बता दी है और चालाक ने भी रिश्तेदारों को फंसाने के लिए वाहन में आग लगाने की बात कबूल की है। आरोपी का 151 में चालान कर दिया है। - **संजय कुमार**, थानाध्यक्ष



घटना के बाद मौके पर मौजूद बड़ी संख्या में लोग। ● अमृत विचार

# बाइक सवार युवकों ने झपट्टा मारकर छीना मोबाइल, पकड़े गए

संवाददाता, खुटार

● लोगों ने पुलिस के सुपुर्द किया की जा रही पूछताछ

**अमृत विचार:** पैदल चल रहे किशोर के हाथ से बाइक सवार तीन युवक झपट्टा मारकर मोबाइल छीन ले गए। लोगों ने उन्हें पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया है। इस मामले में पुलिस को तहरीर दे दी गई है। पुलिस जांच कर कार्रवाई किए जाने की बात कह रही है। समझौते की बात चल रही है। देर रात तक कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है।

लखीमपुर खीरी के कस्बा मैलानी के गांव मथुरापुर निवासी रामआसरे का पुत्र अगम कुमार (14) गांव के ही दो साथियों के साथ बुधवार सुबह बंडा के गांव उगनापुर अपने बहनोई के घर गया था। दोपहर करीब सवा दो बजे बस में सवार होकर तीनों खुटार में बंडा चौराहा पहुंचे और वही उतर गए। गोला बाईपास रोड से अगम अपने दोनों साथियों के साथ पैदल जा रहा था। अगम मोबाइल से बात कर रहा था। गोला रोड पर स्थित श्याम आरओ वाटर के पास पहुंचते ही बाइक से आए तीन युवकों ने झपट्टा मारकर मोबाइल छीन लिया। घटना के बाद मोहल्ले के लोगों और अगम ने पीछा किया। इस बीच बाइक गिर गई और एक युवक को पकड़ लिया। लेकिन दो युवक भागने में कामयाब हो गए।

बाइक सवार दो युवक श्मशान घाट में जाकर छिप गए। लोगों ने बाइक का पीछा कर उन्हें पकड़ लिया। पुलिस को सूचना देकर बाइक सवार तीनों युवकों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस के पूछताछ में पता चला है कि तीनों युवक खीरी के एक गांव के रहने वाले है। मामले में पूछताछ चल रही है।

> सूचना पर पुलिस को मौके पर भेजा गया था। तीनों युवकों को थाने लाया गया है। मामले में पूछताछ चल रही है। पूछताछ के बाद तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। - **संजय कुमार**, थानाध्यक्ष, खुटार

### महिला को पीटकर किया घायल, दी तहरीर

**खुटार।** क्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला ने पुलिस को बताया कि गांव के एक व्यक्ति से जमीन को लेकर पुरानी रंजिश चल रही है। मामले में महिला आयोग में शिकायत की गई थी। जिस कारण उक्त आरोपी राजीनामे के लिए दबाव बना रहा था। बुधवार सुबह करीब 7:30 बजे वह पूजा करने गांव में स्थित भुईहार बाबा के स्थान पर गई थी। आरोप है कि आरोपी वहां आया और कहा कि राजीनामा ले लो नहीं तो जान से मार देंगे। मना करने पर वह बौखला गया और धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। साथ ही अश्लील हरकतें कर ब्लाउज फाड़ दिया और कान से कुंडल नोच लिया। जिससे वह घायल हो गई। विवाद होता देख लोग आ गए। उक्त जान से मारने की धमकी देकर चला गया। विवाद के दौरान पिटाई से कान फट गया और सीने, दोनों हाथों में चोटें आई है। विवाद के बाद वह परिजनों के साथ थाने पहुंची। पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

# हवा भरते समय धमाके के साथ फटा टायर, बालक घायल

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

● खीरी की घटना, हालत गंभीर होने पर लखनऊ रेफर

**अमृत विचार:** थाना खीरी की पुलिस चौकी ओयल क्षेत्र में पंचर बनाने के बाद हवा भरते समय अचानक टायर तेज धमाके के साथ फट गया। दुकान में काम कर रहा 12 साल का विकास गंभीर रूप से घायल हो गया। उससे जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां से डॉक्टर ने हालत गंभीर होने पर उसे लखनऊ रेफर किया है।

कस्बे के बेहजम तिराहे पर कस्बा ओयल के मोहल्ला कबाड़ियन टोला निवासी सलीम की पंचर बनाने की दुकान है। उसकी दुकान पर मोहल्ला चमरौधा निवासी विकास (12) काम करता है। बुधवार को सलीम ने एक पंपिंग सेट के टायर का पंचर बनाया। इसके बाद विकास उसमें हवा भरने लगा। इसी बीच टायर तेज धमाके के साथ फट गया। आसपास रखे टायर खोलने और बंद करने के औजार भी हवा में उझल कर दूर जा गिरे। धमाका इतनी तेज हुआ कि आसपास खड़े लोग हिल गए। इस दौरान विकास सिर में गहरी चोट आने से खून से लथपथ होकर गिर गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। भीड़ जुट गई। मौके पर पहुंची एंबुलेंस 108 घायल विकास को लेकर जिला अस्पताल पहुंची।

# वाहन से टकराकर पलटी कार, दो लोगों की मौत, दो घायल

संवाददाता, पुवायां

**अमृत विचार:** बरेली से निगोही होते हुए बुधवार रात पुवायां लौट रही तेज रफ्तार कार अज्ञात वाहन की चपेट में आकर सिंघीपुर गुरुद्वारा के पास अनियंत्रित होकर खाई में पलट गई। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हो गए।

पुवायां के मोहल्ला कसभरा आढ़त निवासी अंश गुप्ता उर्फ लखन (22) पुत्र संजीव गुप्ता अपने छोटे भाई वंश गुप्ता (18) और मोहल्ला कमलबाग निवासी आदित्य शर्मा (18) पुत्र राकेश कुमार, आयुष गुप्ता (23) पुत्र अतुल गुप्ता उर्फ पतंगू के साथ बरेली अस्पताल में भर्ती अपने चाचा मनोज को देखने कार से बुधवार सुबह करीब नौ बजे गया था। देर शाम सभी लोग कार से बीसलपुर-निगोही होते हुए पुवायां लौट रहे थे।



अंश गुप्ता।



आदित्य शर्मा।

● कार में सवार सभी लोग देर शाम बरेली से लौट रहे थे पुवायां

● निगोही रोड पर सिंघीपुर गुरुद्वारा के पास हुई दुर्घटना

रात करीब आठ बजे निगोही रोड पर थाना सिंधौली क्षेत्र में सिंघीपुर गुरुद्वारा के पास कार किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आ गई। जिससे कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में पलट गई। कार में सवार सभी लोग घायल हो गए।

घायल आयुष ने जैसे-तैसे मोबाइल से परिजनों को हादसे की जानकारी दी। परिजन मौके पर पहुंचे और सभी घायलों को पुवायां सीएचसी लाए। जहां डॉक्टर ने अंश को मृत घोषित कर दिया, जबकि गंभीर रूप से घायल आदित्य, वंश और आयुष को जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

आदित्य ने मेडिकल कॉलेज पहुंचने से पहले रास्ते में दम तोड़ दिया। मेडिकल कॉलेज में डॉक्टर ने आदित्य को मृत घोषित कर दिया, जबकि वंश और आयुष का इलाज चल रहा है। दोनों की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना से मृतकों के परिवार में कोहराम मचा हुआ है।



पुवायां सीएचसी पर मौजूद मृतक के परिजन व परिचित। घटना के बारे में जानकारी करती पुलिस। ● अमृत विचार

# औषधि निरीक्षक से फार्मासिस्टों ने की समस्याओं के निस्तारण की मांग

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बुधवार को औषधि निरीक्षक शालिनी मित्रा से भेंटकर समस्याओं को सामने रखा और उनके निराकरण की मांग रखी।

जिलाध्यक्ष ब्रजेश कुशवाहा ने ड्रग लाइसेंस वनवाने के लिए विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की। अध्यक्ष ने कहा कि लाइसेंस बनवाने के लिए समय का भी ध्यान दिया जाए और साथ ही लाइसेंस की प्रक्रिया को और भी आसान किया जाए। अध्यक्ष ने बताया कि जहां-जहां पर नारकोटिक वह बगैर लाइसेंस के मेडिकल स्टोर चल रहे हैं, उन पर भी जल्द से जल्द अंकुश लगना चाहिए, जिस पर ड्रग इंस्पेक्टर ने आश्वासन दिया कि जहां-जहां पर बगैर लाइसेंस के और नारकोटिक दवाओं के साथ में जो भी मेडिकल स्टोर चल रहे हैं, उन पर समय-समय पर कानूनी विधिक कार्रवाई की जा रही है, आगे भी चलती रहेगी। इस दौरान जिलाध्यक्ष आईटी सेल प्रथमेश शुक्ला, कोषाध्यक्ष विकास वर्मा शुऐब हसन, गौरव पाल, आशीष आदि उपस्थित रहे।





औषधि निरीक्षक शालिनी मित्रा से भेंटकर समस्या से अवगत कराते पदाधिकारी।

● लाइसेंस बनवाने के लिए विभिन्न समस्याओं से कराया अवगत

## पति समेत छह पर दहेज हत्या की रिपोर्ट

**पुवायां, अमृत विचार:** खुटार क्षेत्र के गांव चतुरपुर निवासी रामकुमार ने एक वर्ष पूर्व बेटी सीमा की शादी पुवायां क्षेत्र के गांव वनिगवां निवासी सत्यपाल के साथ की थी। ससुराल पक्ष के लोग दहेज में डेढ़ लाख रुपए, सोने की लर, अंगूठी की मांग पूरी न करने पर प्रताड़ित करने लगे। बेटी सीमा गर्भवती होने पर बीमार हो गई, जिसमें इलाज में लापरवाही की। सात अप्रैल को बड़ा एक एक अस्पताल में बच्ची को जन्म देने के बाद बच्ची व बेटी सीमा स्वस्थ थी। वापस घर आने पर सीमा की हत्या करने की सूचना मिली। मृतका के पिता की तहरीर पर पुलिस ने पति सत्यपाल, ससुर रामसरन, बड़े भाई हरिनंदन, मझिले, ननद राखी व ननदोई के खिलाफ दहेज हत्या की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

# एडीएम की अनुमति के बिना फैक्ट्री में नहीं जाएगा भूसा

संवाददाता, पुवायां

**अमृत विचार:** सतवा गांव के गोशाला संचालक विपिन मिश्रा समेत कई लोगों ने मुख्यमंत्री और जिलाधिकारी को पत्र भेजकर गैर जनपद जा रहे भूसे पर रोक लगाने की मांग की थी।

इसके बाद डीएम उमेश प्रताप सिंह ने अधिकारियों को आदेश देते हुए कहा है कि जिले में 97 गो आश्रय स्थल संचालित हैं, जिनमें 20614 गोवंश संरक्षित हैं। जिनके भरण पोषण के लिए अत्यधिक भूसे की आवश्यकता होगी। इस समय जिले में गेहूं की कटाई चल रही है। जिससे गोवंश के लिए भूसे की इस समय व्यवस्था की जा सकती है, लेकिन जनपद और गैर जनपद की गत्ता फैक्ट्री के लिए भूसे का परिवहन हो रहा है, जिससे आश्रय स्थलों के लिए भूसे की व्यवस्था नहीं हो पाएगी। इसलिए भूसे का प्रयोग जनपद या गैर जनपद की गत्ता फैक्ट्री में किए जाने से पहले अनुमति के आधार पर ही परिवहन होगा। भूसे के परिवहन की अनुमति अपर जिलाधिकारी प्रशासन से लेनी होगी।



## सार-संक्षेप

### जंगल से पेड़ काटने वालों का नहीं लगा सुराग

**खुटार।** लौहंगापुर के सिंहपुर पश्चिमी जंगल में हरे भरे सागौन और कोरों के आठ से अधिक पेड़ काटने के मामले में वन विभाग की ओर से अज्ञात तस्करों के खिलाफ केस दर्ज दिया गया था। हालांकि घटना के छह दिन बाद भी वन विभाग फरार तस्करों का कोई सुराग नहीं लगा पाई है। रेंजर मनोज श्रीवास्तव ने बुधवार को टीम के साथ कई जगहों पर दबिश दी है। इसके बाद भी तस्करों के बारे में पता नहीं चल पाया है। खुटार सिंहपुर बीट में पांच अप्रैल को तस्करों ने सागौन और कोरों के पेड़ काट दिए थे। रात को ही लकड़ी को वाहन में भरकर लेकर चले गए थे। वहीं, रेंजर का दावा है कि तस्करों ने लकड़ी को काटकर डाल दिया था और ले जाने में सफल नहीं हो पाए थे। लकड़ी को बरामद कर लिया गया है। वन विभाग ने अज्ञात में रिपोर्ट दर्ज कर ली। आठ अप्रैल को एसडीओ डॉ. सुशील कुमार ने जांच की थी और खुटार के आरा मशीनों पर छापेमारी कर लकड़ी की तलाशी के साथ ही तस्करों की खोज भी शुरू की थी। बुधवार को रेंजर मनोज श्रीवास्तव ने वनकर्मियों के साथ खुटार और जनपद पीलीभीत, लखीमपुर खीरी में तलाश शुरू की। बावजूद इसके कुछ पता नहीं चल पाया है। हालांकि वन विभाग खुलासे को लेकर तस्करों का सुराग लग रही है। इस संबंध में रेंजर मनोज श्रीवास्तव ने बताया की टीम के साथ लगातार दबिशें दी जा रही है। जल्द ही आरोपियों को पकड़ा जाएगा।

### गैंगस्टर का अभियुक्त गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** तिलहर थाना प्रभारी निरीक्षक विशाल प्रताप सिंह को बुधवार सुबह 11 बजे सूचना मिली कि गैंगस्टर का अभियुक्त दर्शन निवासी सहबेगपुर थाना तिलहर खानपुर चौराहे से गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त गैंगस्टर के मुकदमे में फरार चल रहा था और पहले से चार मुकदमें विभिन्न धाराओं के दर्ज है। पुलिस ने उसका चालान कर दिया।

### हादसे में बुजुर्ग की मौत

**शाहजहांपुर।** जलालाबाद थाना क्षेत्र के गांव वगहापुर निवासी राम स्वरूप (62) बुधवार सुबह छह बजे खेत से जलालाबाद बाजार जा रहे थे। कटरा-जलालाबाद मार्ग पर बाइक ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गए। उन्हें मेडिकल कॉलेज लाया गया। इलाज के दौरान दोपहर एक बजे उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उसकी शादी नहीं हुई थी। वह अपने भतीजे शिव मोहन के साथ रहता था। मौत से परिवार में रोना पीटना मच गया।

### ज्वाला जी से आई ज्योति के लोगों ने किए दर्शन

**कांट।** मां दुर्गा जन कल्याण सेवा समिति के तत्वधान में होने वाले 20 वें दुर्गा जागरण के लिए ज्वाला जी से आई ज्योति को देवी देवताओं की झांकियों और बैंड बाजो के साथ पूरे नगर में श्रद्धा के साथ घुमाया गया। जिसमें अखाड़ा झांकी आकर्षण का केंद्र रही। लोगों ने ज्वालाजी से आई ज्योति के दर्शन किए। मां दुर्गा जागरण समिति के अध्यक्ष राजीव कुमार शर्मा ने बताया कि 11 अप्रैल को रामलीला ग्राउंड में माता का जागरण होगा। ज्योति के नगर भ्रमण पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक दयाशंकर सिंह टीम के साथ मुस्तैद रहे। इस मौके पर जागरण प्रबंधक विपिन प्रजापति, रूवल कुमार, अभय, विशाल, राजू, रजत सिंह, ललित, हर्षित, अमित, मनोज शर्मा, राजन गुप्ता, सौरभ भारद्वाज आदि बड़ी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

# नवरात्र में बदायूं से नामांकन करेंगे आदित्य : शिवपाल

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

● सपा महासचिव ने जनसभा में की घोषणा

**अमृत विचार:** सपा राष्ट्रीय महासचिव और बदायूं लोकसभा सीट से पार्टी के घोषित उम्मीदवार शिवपाल सिंह यादव ने बुधवार को घोषणा करते हुए कहा कि जनता की मांग पर उनके बेटे आदित्य यादव उनकी जगह यहां से सपा के उम्मीदवार होंगे। सपा महासचिव ने एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि युवाओं की मांग पर आदित्य यादव इस सीट से चुनाव लड़ेंगे और नवरात्र में ही अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। उन्होंने कहा, "मैं मतदान की अपील करने के लिए यहां आया हूं। पहले मुझे ही उम्मीदवार बनाया गया था लेकिन युवाओं की मांग पर आदित्य चुनाव लड़ेंगे और वह नवरात्र में नामांकन दाखिल करेंगे।" बदायूं में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के तहत सात मई को मतदान होना है, जिसके लिए 12 अप्रैल से अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन प्रक्रिया शुरू होगी और 19 अप्रैल तक नामांकन पत्र दाखिल किया जा सकता है। नौ अप्रैल से शुरू हुए नवरात्रि 17 अप्रैल को समाप्त होंगे।

# तौकीर को सुप्रीम कोर्ट से मिली बड़ी राहत

विधि संवाददाता, बरेली/दिल्ली

● ईद से एक दिन पहले सेशन और हाईकोर्ट के आदेश पर रोक राज्य सरकार को नोटिस

**अमृत विचार :** सेशन कोर्ट से बरेली में 2010 में हुए दंगे के मुख्य अभियुक्त करार दिए गए आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां को बुधवार को ईद से एक दिन पहले सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिल गई। शीर्ष अदालत ने सेशन कोर्ट और हाईकोर्ट के आदेशों पर रोक लगाते हुए राज्य सरकार को नोटिस जारी किया है।

करीब 14 साल बाद दंगे के केस में मौलाना तौकीर की मुश्किल पांच मार्च को तब बढ़ गई थी, जब फास्ट ट्रैक कोर्ट के स्पेशल जज रवि कुमार दिवाकर ने सीआरपीसी की धारा 319 की शक्ति का प्रयोग करते हुए उन्हें मुख्य आरोपी करार देकर अदालत में पेश होने का आदेश जारी कर दिया। मौलाना के हाजिर न होने पर 13 मार्च को गैरजमानती वारंट जारी कर दिया गया, जिसके विरुद्ध तौकीर हाईकोर्ट चले गए थे। हाईकोर्ट ने 19 मार्च को मौलाना को मामूली राहत देते हुए गिरफ्तारी वारंट पर रोक लगा दी और मौलाना को 27 मार्च तक ट्रायल कोर्ट में हाजिर होने का आदेश दे दिया।

तौकीर इसके बाद भी कोर्ट मे हाजिर नहीं हुए। इस बीच दंगे का केस जिला जज की अदालत में ट्रांसफर हो गया। तौकीर के वकील ने उन्हें बीमार बताते हुए हाजिरीमाफी की अर्जी दी लेकिन कोर्ट ने अर्जी लेने से इन्कार कर दिया। एक अप्रैल को जिला जज विनोद कुमार ने तीसरी बार गैरजमानती वारंट जारी कर तौकीर को फरार घोषित कर दिया। इसके साथ तौकीर के खिलाफ कुर्की की प्रक्रिया भी शुरू हो गई। तौकीर की ओर से हाईकोर्ट और सेशन कोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट मे अर्जी दी गई। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस एसवीएन भट्टी की पीठ ने बुधवार को हाईकोर्ट और सेशन कोर्ट के आदेश पर रोक लगाते हुए यूपी सरकार को नोटिस जारी किया है। सुप्रीम कोर्ट में एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड ऐश्वर्य पाठक, अशद अल्वी और राजेश त्यागी ने तौकीर का पक्ष रखा।

### घर में घुसकर सास को पीटा, घायल

**शाहजहांपुर।** रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के मोहल्ला फतेहपुर रेती निवासी शहनाज बेगम ने बताया कि उसके पुत्र रईस का अपनी पत्नी गुलशन से विवाद चल रहा है। गुलशन लगभग सात साल से मायके में रह रही है। कोर्ट के आदेश पर वह अपने पति से गुजारा भत्ता भी ले रही है। जबकि गुलशन के दो पुत्र हुमैद व उजैर शहनाज बेगम के साथ रह रहे है। शहनाज के पति नसीर की तीन माह पूर्व मौत हो गई। उसके पुत्र रईस का अपनी पत्नी गुलशन से समझौता हो गया। उसके पुत्र की मकान पर नीयत खराब हो गई और मकान हड़पना चाहता है। पांच अप्रैल को उसकी पुत्र वधू गुलशन अपने परिवार वालों के साथ आई और मकान में घुस गई। शहनाज का आरोप है कि उसकी पुत्र वधू आदि ने उसे मारा पीटा, घरेलू सामान तोड़ दिया तथा जान से मारने की धमकी देकर चली गई।

